डायरिया के मरीजों में आ रही कमी निगम आयुक्त रख रहे है सतत निगरानी

भिलाई नगर / नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वृंदा नगर, जेपी नगर, शारदा पारा और न्यू संतोषी पारा क्षेत्र में फैले डायरिया की रोकथाम के लिए निगम द्वारा जमीनी स्तर पर कार्यवाही लगातार की जा रही है। आयुक्त रोहित व्यास ने प्रभावित बस्तियों का भ्रमण कर कार्य में लगे हुए निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए है। प्रारंभिक तौर पर स्थल निरीक्षण पर यह बात सामने आई थी कि सुंदर नगर , जेपी नगर, आदर्श नगर, वृंदा नगर एवं संतोषी पारा में नालियों के समानांतर पेयजल की पाइप लाइन बिछी हुई है, जिसमें पानी के कम प्रेशर वाले क्षेत्र में रहवासी लोगों के द्वारा पाइपलाइन को बीच से क्षतिग्रस्त/पंचर करके पानी लिया जा रहा है , जिसके कारण पाइपलाइन लीकेज होने की वजह से पानी दूषित होने की संभावना निर्मित हो रही है। ऐसे सभी पाइप लाइन के लीकेज का सघन निरीक्षण निगम के द्वारा किया जाकर पाइपलाइन को ठीक कर दुरुस्त किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकरों की व्यवस्था की गई है इसके साथ ही 2000 लीटर की क्षमता के सिंटेक्स वाटर टैंक की त्वरित व्यवस्था कर प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। लोग शुद्ध पेयजल का उपयोग कर सकें इसके लिए 26500 क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया है और वितरण कार्य अभी भी जारी है। प्रभावित वार्ड क्षेत्रों में स्पॉट पर ही उल्टी , दस्त की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर प्रतिदिन लगाकर , अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर तथा निशुल्क दवाइयां देकर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। प्रभावित एवं समीपस्थ क्षेत्रों से पानी का सैंपल लेकर लैब में परीक्षण प्रतिदिन कराया जा रहा है और इसके रिपोर्ट के मुताबिक पेयजल का समाधान किया जा रहा है। निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों तथा समीपस्थ क्षेत्रों में उल्टी , दस्त के लक्षण और मरीजों की पहचान करने घर-घर सर्वे का काम एक बार पूर्ण कर चुकी है , दोबारा फिर से सघन सर्वे का काम किया जा रहा है। स्पॉट पर ही उल्टी , दस्त की रोकथाम करने के लिए लक्षण वाले लोगो को जिंक टैबलेट, मेट्रोनीडाजोल व ओ.आर.एस. के पैकेट दिए जा रहे है। उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों को अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती करने प्रोत्साहित कर भर्ती कराया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला घर घर पहुंचकर तथा मुनादी के माध्यम से पानी उबालकर , छानकर, साफ पानी पीने, ताजा व गरम भोजन करने की सलाह दी जा रही है , इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके चलते मरीजों की संख्या में कमी आ रही है।